S.No. 2(J)

6

स्पीड पोस्ट

सं. 21/103/2013- एम एंड जी
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

एन डी सी सी-।। भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली, दिनांक : 17 जुलाई, 2013

18 JUL 2013

सेवा में,

श्री देवेन्द्र कुमार दीक्षित,
ई-627, सेक्टर-एफ, डी. एल. ए कॉलोनी,
कानपुर रोड, लखनऊ-226012
उत्तर प्रदेश।

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचना मुहैया करवाना।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित विषय पर आपके दिनांक 10.06.2013 के आवेदन और इस मंत्रालय के दिनांक 21.06.2013 के का. ज्ञा. सं. ए-43020/01/2013-आर टी आई के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता हे कि इस प्रकार के कोई रिकॉर्ड इस मंत्रालय में नहीं रखे जाते हैं। इसलिए इस केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के पास मुहैया कराने के लिए कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

2. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 के अनुसार, इस पत्र के विरूद्ध अपील श्री एस. सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव (सी एस) तथा प्रथम अपील प्राधिकारी, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी-।। भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली के समक्ष की जाएगी।

भवदीय,

(आशुतोष जैन)
निदेशक एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

RTI Application
President's Secretariat
(RTI Section)
Dy. No. 5211/RTI/13-14
Date 17-6-13
Signature: [signature]

सेवा में,

श्रीमान जन सूचना अधिकारी,
कार्यालय महामहिम श्री राष्ट्रपति महोदय,
राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली– 110001

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराया जाना।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि उत्तर प्रदेश के श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल जी के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचनाओं की जनहित एवं राष्ट्रहित में नितान्त आवश्यकता है :–

1. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने से पूर्व जिन–जिन पदों पर कार्यरत/सेवारत रहे हों, की पदवार/संवर्गवार अभिप्रमाणित सूचना।
2. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने से पूर्व उनके तथा उनके सगे–सम्बन्धियों के चल–अचल संपत्तियों की अभिप्रमाणित सूचना।
3. श्री बी0एल0 जोशी, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पद पर सुशोभित/नियुक्त होने के तिथि से दिनांक 30/04/2013 तक उनके तथा उनके सगे–सम्बन्धियों के चल–अचल संपत्तियों की अभिप्रमाणित सूचना।

अतः आपसे अनुरोध है कि जनहित एवं राष्ट्रहित में उपरोक्त सूचनाएँ प्रार्थी को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा करें। सूचना प्राप्ति हेतु रु0 10/– का भारतीय पोस्टल आर्डर संख्या 16F-943925 संलग्न है।

सादर!

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

दिनांक : 10 जून, 2013

भवदीय,

[signature] 10/6/13

(देवेन्द्र कुमार दीक्षित)
ई–627, सेक्टर–एफ, एल.डी.ए. कालोनी,
कानपुर रोड, लखनऊ–226012.
मोबाइल नं. – 9936868017.